आयुर्वेदिक चिकित्सकों तथा होम्योपैथिक चिकित्सकों को रोजगार देने की व्यवस्था जरूर है। इस स्तर पर यह कहना सभव नही है कि इसके अन्तर्गत कितने कर्मचारियों को रोजगार मिल सकेगा क्योंकि इसे अभी प्रारम्भ नही किया गया है।

### अखिल भारत नेत्र सुधार संघ

7179. श्री अम्बेश : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री 8 दिसम्बर 1969 के तारांकित प्रश्न सख्या 468 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या केन्द्रीय जाच ब्यूरो ने उनके मत्रालय को सलाह दी थी कि वह अखिल भारत नेत्र सुधार सघ और डा० भगवानदास मेमोरियल ट्रस्ट, 2-एफ, लाजपतनगर, नई दिल्ली—24 के लेखो की जाच पड़ताल करे,

(ख) यदि हा, तो इस सम्बन्ध मे उनके मत्रालय ने क्या कदम उठाए है ; और

(ग) यदि नही, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री कोंडाजी बासप्पा) :** (क) जी हा। जनवरी, 1969 मे केन्द्रीय जाच ब्यूरो ने सलाह दी थी कि इन सस्थाओ के हिसाब किताब का लेखा परीक्षण करा देना चाहिये क्योंकि इन के बारे में कुछ शिकायते प्राप्त हुई है।

(ख) और (ग). स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली प्रशासन से अनुरोध किया था कि 1968-69 तक के हिसाब किताब का लेखा परीक्षण करा दिया जाए। इसके फलस्वरूप कुछ अनियमितताएं पाई तो गई थी किन्तु उन्हे गबन अथवा दण्डनीय अपराध की सज्ञा नही दी जा सकती थी। इस सम्बन्ध में आगे क्या कार्यवाही की जाए इस पर दिल्ली प्रशासन विचार कर रहा है।

---

**12 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED CLOSURE OF ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Sir, I call the attention of the hon. Minister of Education and Social Welfare to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:

"Reported closure of the Aligarh Muslim University"

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S NURUL HASAN): The Aligarh Muslim University was closed under the orders of the Vice-Chancellor on April 5, 1973. During the course of discussion on the demands for grants of the Ministry of Education and Social Welfare and Department of Culture in the Lok Sabha on April 6, 1973, I had placed on the Table of the Sabha a copy of the Statement issued by the Vice-Chancellor on the closure of the University. The statement contains the reasons which led the Vice-Chancellor to take this decision.

The Executive Council of the University reviewed the position in its meeting held on April 7, 1973 at Aligarh. The Council appreciated and expressed its full support for the

[Prof. S. Nurul Hasan]

action taken by the Vice-Chancellor in closing the University. The Council further decided that: (a) the students and members of the staff who created trouble in the Campus be identified and disciplinary action be taken against them; and (b) steps be taken to re-open the University and bring normalcy in the working of the University as early as possible, after ensuring that there is no likelihood of any recurrence of trouble in the Campus. The Council also appointed a Committee to advise disciplinary action to be taken against the students and members of the staff who were responsible for creating trouble and indiscipline in the University Campus and to suggest steps to be taken to re-open the University.

The University has already decided to open the high schools maintained by it with effect from April 17, 1973. I have every hope that all efforts will be made by the University authorities to open the other institutions, faculties and departments of the University also as soon as possible. The intervening period will enable the University to plan afresh its academic programmes, which for a variety of reasons had received a serious set-back during the past few months. The Government has given and will continue to give full support to the Vice-Chancellor in whatever decisions he takes to maintain discipline in the Campus, and ensure that coercive action by any section of the University community does not disrupt the working of the University.

I also hope that the academic community of teachers of the University would be able to work out proper plans for normalising the academic life soon, so that the loss of studies of the students is minimum. The support extended to the University authorities by all sections of this House, will, I have no doubt, go a long way in restoring normalcy in this great seat of learning.

SHRI B. R. SHUKLA: It is a sad state of affairs that this great seat of learning and culture has recently been the hotbed of controversy and political intrigue.

The Vice-Chancellor, in his statement, a copy of which was laid on the Table of the House, has stated that the situation was deteriorating. What are the acts of indiscipline or any other acts which can be termed as acts of indiscipline which account for the deterioration of the situation obtaining in the campus? Is it a fact or not that when the meeting of the Executive Council of the University was held, it was marred by ugly scenes and demonstrations and that the demonstrators even went to the extent of throwing away the food prepared for the hon. Members of the Executive Council. Secondly, were the examinations which were scheduled to be held in the University held at the scheduled time or were they postponed on account of certain undesirable incidents?

Thirdly, it has been made out by some quarters that the examinations were actually in progress and the classes were actually held in a peaceful atmosphere and things were going on so well that there was no occasion for the closure of the University. I would like the hon. Minister to reply to these different allegations which are made by different quarters I would like to know whether the students' activities are generally on the peak long before the start of the examinations, that is, before December, and the student community or the Student Union Office-bearers then generally invite distinguished members in different walks of life to give their speeches. What were the occasions, even when the examinations were actually in progress or when they were seen to start, when persons like hon. Shri Piloo Mody, Shri Viswanathan, Dr. Faridi and Chaudhury Charan Singh were invited? Also I want to know whether they were invited to some academic discussions for enlightening the student community on particular topics. The

teachers of the University had probably failed to deliver an adequate number of lectures to them and so it was thought proper by the student community that it should be reinforced in the progress of its academic work and so these distinguished gentlemen who are very learned in their own academic fields, besides having some extra-curricular activities, were invited. In the light of the fact that elections in U.P. are to take place in 1974—some people say that they were going to take place by the end of this year—we do not know whether the visits of these honourable gentlemen were motivated by political considerations. I would like to know from the hon. Minister the circumstances which suddenly compelled the Vice-Chancellor to order the closure of the University.

Another aspect on which I would like to seek enlightenment from the hon. Minister for Education is this. In the statement of the Vice-Chancellor, it has been made out that the closure has been ordered in order to enable the students community and the teachers to do some heart-searching which would be for the betterment and normalisation of the academic life. Representations are coming forth from the student community and from other persons who are interested in the peaceful running of this great institution that the closure orders should be cancelled and the student community should not suffer because of the undesirable activities of a handful of persons.

On all these points, I would request the Minister to clarify the position in detail, so that the misgivings which are being created by interested politicians may be removed.

PROF. S. NURUL HASAN: The hon. Member has first asked about the incident which took place when the Executive Council met in Aligarh on 3rd March 1973. I had been avoiding making this statement because it is painful reading. But since a pointed question has been asked, I do not suppose I can avoid making this statement. If it had been a simple *gherao*, even that would not be very proper in a university. But when the language used is such that it is unfit for any man of culture and education to use it, it is a matter of deep concern. The word used, for example, for the members of the Executive Council and for the Dean of the Faculty of Science was "*kutte*". Anyone who is familian with Muslim culture knows what the significance of the word "*kutta*" is when used in relation to another human being. One of the Members of the Executive Council, who is a scholar in Islamic Theology and who is a Haji, when he went to plead with the students, was told:

'अबे कुत्ते दाढी छोड़ता जा'।

On the collar of a dog, the word "Rais", the name of the Dean of the Faculty of Science was put, and it was thrown in the library are building when the meeting was going on. The President of the Union told all the members of the Executive Council that they would not be permitted to enter the campus. It was true that the food cooked for them in the guest house was looted and the luggage of some of the members of the Executive Council was also misplaced. These are very serious matters. The Vice-Chancellor attempted to make the students to see reason He tried his best; he asked the teachers to intervene. He did not take any precipitate action. He hoped that people would see reason but, to our great regret, all his efforts failed and he came to the conclusion that it would not be possible for him to carry on the normal functioning of the university without closing it for a short period and taking proper steps.

The second question asked is about postponement of examinations. This story started last year. The House will recall that last year the university had decided to hold the final examinations of the second semester with

[Prof. S. Nurul Hasan]

effect from the first week of May, 1972. Then there was a demand from the students' union that these examinations be postponed and be held from May 20, 1972. The demand was that till a favourable University Bill was introduced in Parliament, they would not agree. On 18th and 19th May, the agitation for indefinite postponement of the examination was continued. About a thousand students went to the houses of the Vice-Chancellor and the Registrar, and finally the Vice-Chancellor, after consulting the senior teachers, decided on the 19th to postpone the examinations till July 5, 1972. After that, the first semester teaching was delayed and as a result thereof, the university after careful consideration decided that the examinations of the first semester would commence from January 23, 1973. But then a representation was received from the Secretary, Aligarh Muslim University Students' Union requesting a postponement of the first semester examination scheduled to commence from 23rd January 1973. As a result thereof, the Vice-Chancellor decided that the examinations be commenced from 5th February instead of 23rd January. Then there were further demands that the commencement of the examinations be postponed. As a result of it, the examinations were postponed until late in February. Even while the first semester examinations were going on, there were demands on the 9th and 10th March that the examinations be not held, with the result that even as late as the 5th April, the first semester examinations for many of the students had not been completed. Consequently, a year has been for all practical purposes lost in the case of a very large number of students. whose teaching for the second semester should have been completed by the end of April or early May. This is a matter which has to be considered very careuflly.

Another point which has been raised is that an allegation has been made that the teaching was going on normally. I would venture to read from a document which has been given to me by the university. This is a copy of a document dated 22nd March, which was forwarded by the Principal of the Zakir Hussain College of Engineering and Technology. It reads thus:

> "Second Year B.Sc. Engineering students returned from tour on 13th March, but have been absenting themselves from the classes. The Head of the Mathematics Section who is tutor in charge of Sections A and B and the Head of the Physics Section who is tutor in charge of Section C of the class are unable to decide how to deal with the situation. I am also in a similar predictment. Students of other classes have also absented themselves *en masse* on more than one occasion. The favour of your instruction is requested."

These are only some of the examples which I am constrained to place before the House to show that the Vice-Chancellor who had tried not to take this particular action was forced by circumstances to take it.

The university is making plans for holding the examinations and instructions in various classes in a phased manner as soon as possible.

It has been suggested and, I think. the hon. Member is quite right that if a few students are guilty of some misdeeds why should the general body of students suffer. That is a sentiment which I have no doubt everyone in this House and, I am sure, everyone in the University will equally share.

I am told that the Discipline Committee of the University will be taking fairly urgent steps to look into the matter to isolate those who are guilty of gross breach of discipline so that the rest of the students are enabled to manage as best as they can under the circumstances because, as a result of this prolonged agitation, for many of the students a whole year already been lost.

**श्री विभूति मिश्र** (मोतीहारी) : अध्यक्ष महोदय, देश के दो बड़े विश्व-विद्यालय हैं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, और दोनों यूनिवर्सिटियों की हालत सन्तोषप्रद नही है । उन के निर्माताओं ने जिस खयाल से निर्माण किया उन का वह खयाल पूरा नही हो रहा है । मैं आप से कहना चाहता हू कि देश का भविष्य देश के छात्रों के ऊपर निर्भर करता है । हम सभी किसी दिन छात्र थे और आज संसद् के सदस्य है । कितने दिन नही रहेंगे, लेकिन जो आने वाली पीढ़ी है, वही देश का राज्य चलायेगी ।

मंत्री जी ने कहा कि साहब यूनिवर्सिटी को क्लोज कर दिया । इम्तहान बहुत दिनों मे चले आते है । मै उस स्टेट मे आता हू जहा स्टूडेंट्स की प्राब्लेम बहुत जबर्दस्त है । अभी कुछ दिन पहले सारी यूनिवर्सिटीज में वाइस चांसेलरों की जगह पर सर्विस क्लास के आदमियों को बहाल किया गया, जैसे कि हमारे बिहार मे नागराजन को बहाल किया गया । उन्होंने पुलिस के जरिये जोर लगा कर लड़कों को इम्तहान दिलवाया । जिन लड़कों ने इम्तहान नही दिया उन को छोड़ दिया, लेकिन जितनो ने इम्तहान देना चाहा उन को दिलवाया । मगर आज केन्द्रीय सरकार, जिस के हाथ मे मिलिटरी है, और जिस ने दुनिया में इतना यश प्राप्त किया है, इम्तहान दिलवाने में कमजोरी कर रही है । आप बिहार का उदाहरण लीजिये । नागराजन एक दुबला पतला आदमी है, दो हड्डी का आदमी होते हुए उस ने डिसिप्लिन मेनटेन किया । मैं समझता हूं कि यहां पर वाइस चांसेलर की कमजोरी है ।

दूसरी बात मंत्री महोदय ने यह कही कि हम ने यूनिवर्सिटी बन्द कर दिया ताकि लड़कों के अन्दर डिसिप्लिन आ जाय । मैं जानना चाहता हू कि बन्द करने से कितनी डिसिप्लिन आई । आज-कल स्कूलों और कालेजों में थोड़े मे हीरो होते है । हमारे बिहार में उन को हीरो कहते है, पता नही यहा क्या कहते है । वह लोग लड़कों को डरवाते है । मै पूछना चाहता हू कि लड़कों को इन लोगों से बचाने के लिये आप ने कौन सा कदम उठाया ? अलीगढ यहा से नजदीक है, आप के पास मिलिटरी है, आप ने क्यों नही स्टेप लिया लड़कों को परीक्षा दिलाने के लिये ? जो लड़के पढना चाहते है उन का भविष्य थोड़े से लड़कों की वजह से खराब हो रहा है ।

इस के अलावा क्या यह सही है कि आप ने जब से कानून बनाया है तब से वेस्टर्न यू० पी० की राजनीति मे, विभिन्न पार्टियों की पालिटिक्स जो है, उस में अलीगढ़ मुसलिम यूनिवर्सिटी एक ब्रीडिंग ग्राउंड हो गई है ? उस को रोकने के लिये आप ने क्या किया है ? मंत्री

[श्री विभूति मिश्र]

महोदय ने जो स्टेटमेंट दिया है वह भी गुपचुप दिया है । उन को साफ आना चाहिये कि वहा पर यह सीरियस सिचुएशन है । मंत्री महोदय ने वाइस चासेलर के बयान को एक मंत्र की तरह से रख दिया है । हम मंत्र को समझने वाले नही है । हम लोग मनुष्य है, मंत्र तंत्र वाले नही है । उन को साफ साफ बतलाना चाहिये था कि अलीगढ़ की परिस्थिति यह है । अगर उन के हाथ से उस की दवा नही है तो यह सदन उस दवा को करता । अगले चुनाव मे राजनीतिक दलो के अखाडेबाजों से बचाने के लिये आप यूनिवर्सिटी को कैसे सुरक्षित रखना चाहते है ?

क्या यह सही नहीं है कि बहुत से छात्रो के ऊपर आप की यूनिवर्सिटी का पैसा बाकी है और वह देते नही है और इसीलिये यह हगामा करते है औ कराते है ? क्या यह भी सही है, जैसे कि मैंने सुना है, कि जो डीन बहाल हुए है वह बहुत जूनियर आदमी है जबकि सीनियर आदमी को इस पद पर बहाल नही किया गया, और इस से भी असन्तोष है ? क्या यह सही नही है कि जो टीचर्स है उन का रिप्रेजेन्टेशन कम है और इसी लिये वह असन्तुष्ट है ? क्या यह सही नही है कि इस देश के इस थोडे से हिस्से मे साम्प्रदायिक तत्व के जो लोग है वह जिन्दा हैं और कुछ दिनों तक जिन्दा रहेंगे ? आप ने 1920 का कानून बनाया, 1951 का कानून बनाया और 1951 के बाद इस साल कानून बनाया । लेकिन इस कानून को बनाने से पहले क्या आप ने यह नही सोचा था कि इन लोगों से निपटने के लिये आप के पास उपाय है या नही ? यदि उपाय था तो इस को इस सदन के सामने लाते और अगर नही था तो आप ने कानून क्यो बनाया ? मैं कहना चाहता हू कि राज्य चलता है दण्ड से । राज्य मोठी मोठी बाता से नही चलता ।

आप ने कहा है कि वेराइटी आफ रीजन्स थे । लेकिन आप ने जो रीजन्स बतलाये है उन मे यूनिवर्सिटी को बन्द नही किया जा सकता । मै भी राजनीति मे रहा हू, हम लोगो के सामने आर्डर हुआ कि अगर साम्प्रदायिक दगे होते है तो गोली चलाओ । जब भी ऐसा किया गया तो साम्प्रदायिक लोग मुकाबिला करने के बजाय गोली चलने के पहले भाग गये । साम्प्रदायिक लोग बहुत कमजोर हुआ करते है । लेकिन आप ने जो रीजन दिये है वह छिपे छिपे दिये है । जो रीजन आप ने बतलाये है वह यूनि-वर्सिटी को बन्द करने के लिये काफी नही है । अगर कोई खास रीजन हो जिस की वजह से यूनिवर्सिटी को बन्द किया गया हो तो बात दूसरी है । बहुत से लोग होते है जो हल्ला गुल्ला होने पर घबरा जाते है और डर जाते है तथा यूनिवर्सिटी को बन्द कर देते हैं । मुझे लगता है कि वाइस चासेलर कमजोर है और थोड़ी सी बात पर उन्होंने यूनिवर्सिटी

को बन्द कर दिया, उस मे कोई घबराहट की बात नही थी ।

14 तारीख को इण्डियन एक्सप्रेस मे एक भाई ने पत्न लिखा है जिस मे उन्होने वेस्टर्न यू० पी० की पालिटिक्स की बात कही है । मेरी समझ मे नही आता कि इस मे वेस्टर्न और ईस्टर्न यू० पी० की पालिटिक्स की क्या बात है। वैस्टर्न यू० पी० की बात का तो मुझे पता नही लेकिन ईस्टर्न यू० पी० वाले बिल्कुल निर्दोष है । उस पत्न मे यह भी लिखा है कि बच्चो के सुधार के लिये जल्दी से जल्दी इम्तहान का क्या तरीका आप सोचते है ? और वहा पर जो शिक्षको की बहाली होगी उन के बहाली के लिये सरकार कोई डिमाक्रेटिक तरीका अपनाना चाहती है या नही ? मै ने सुना है कि शिक्षको की बहाल मे अलीगढ मुसलिम यूनिवर्सिटी में बडा गोलमाल हुआ है । शिक्षको की बहाली के लिये आप कोई फूलप्रुफ फार्मूला रखिये, नही तो जिस तरह से दलगत आधार पर आज कल बहाली होती उस से छात्रो का बडा नुकसान होता है और थर्ड रेट आदमी चले आते है । इस के सम्बन्ध मे मंत्री महोदय को बतलाना चाहिये सदन मे कि वह कौन सा स्टेप लेने जा रहे है ।

मैं यह भी जानना चाहता हू कि क्या मंत्री महोदय वहां पर कोई ऐसा कदम उठाने जा रहे हैं कि जब तक उत्तर प्रदेश मे चुनाव नही हो जाते तब तक यूनिवर्सिटी कैम्पस में किसी राजनीतिक पार्टी का आदमी जा कर राजनीतिक बाते न करे ? (व्यवधान)

मैं चाहता हू कि मंत्री महोदय सदन मे बतलायें कि वह कौन सी तारीख से यूनिवर्सिटी को खोलने जा रहे है, और जिस तारीख से वह उस को खोलने जा रहे है उस के पहले क्या उन्होने पूरी तैयारी कर ली है ताकि कोई साम्प्रदायिक आदमी वहा पर साम्प्रदायिक गडबडी न फैला सके । मंत्री महोदय ने बहुत जोर के साथ कहा कि यूनिवर्सिटी खुले और बच्चो को तालीम दी जाये । मैं कहता हू कि आप यश उठाइये और बच्चो का भी भला कीजिये । जब हम बच्चे थे तब लोग सर सैयद अहमद खा के बारे मे कहा करते थे कि वह कितने बडे आदमी थे ।

**प्रो० एस० नूरुल हसन** : अध्यक्ष महोदय, सवाल बहुत से हुए हैं । मै कोशिश करूगा कि उन सब के जवाब दे कर माननीय सदस्य को मुतमइन करू । पहली बात मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हू कि यूनिवर्सिटी मे राजनीतिक दलो के आदमियो पर प्रतिबन्ध नही लगाना चाहिये और न लगाया जायेगा ।

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : यह आप के बस की बात ही नही है । जैसी व्यवस्था मे हम लोग हैं वह आपके बस की बात नही है । यह मेहरबानी जाहिर न करें ।

**प्रो० एस० नूरुल हसन** : जब आप इस कुर्सी पर बैठ जाए तो जवाब दे लें।

एक बात मैं साफ कर देना चाहता हू। इसको मै ने 6 तारीख को भी सदन मे अर्ज किया था कि यूनिवर्सिटी के जो मामलात है, यूनिवर्सिटी कम्युनिटी और इल्मी कम्युनिटी की राय से उन पर जरूर गौर किया जाएगा और उनमे अगर कोई सशोधन की जरूरत है तो जरूर किया जाएगा हम लोग लेकिन पार्टी पालिटिक्स की बिना पर यह डिसिशन लेना नही चाहते है ।

जहा तक टीचस की बहाली मे गोलमाल की बात है, इसके सिलसिले मे बाकायदा एक सिलेक्शन कमेटी सदन की मजूरी से मुकर्रर हुई है । अगर कोई स्पेसेफिक केस गोलमाल का सरकार के सामने आएगा तो सरकार जरूर उसके बारे मे विजिटर को मश्विरा देगी । लेकिन जब तक कोई स्पेसिफिक केस गोलमाल का मेरे सामने नही आता मै अर्ज करूगा कि इस तरह के आरोप मै मजूर नही कर सकता कि यूनिवर्सिटी मे बहालिया आम तौर से गलत हुई है —

**श्री विभूति मिश्र** । डीन की बहाली।

**प्रो० एस० नूरुल हसन** डीन की बहाली भी जूनियर की नही हुई है और वह भी उस कानून के मुताबिक हुई है जो कानून इस सदन ने मजूर किया था ।

यह कहा गया है कि टीचर्स का रिप्रिजेंटेशन यूनिवर्सिटी बाडीज मे काफी नही है । अगर यूनिवर्सिटी बाडीज चाहती है कि टीचर्स का रिप्रिजेंटेशन बढ़ाया जाए तो जैसा मैं अर्ज कर चुका हू गवर्नमेंट ही इस मसले पर गौर करने को तैयार है । लेकिन इत्तिला के तौर पर मै अर्ज कर देना चाहता हू कि जितने टीचर्स के नुमाइदे अलीगढ की बाडीज मे है उतने और किसी सेट्रल यूनिवर्सिटी की बाडी मे नही है। फिर भी इसको और बेहतर बनाने के लिए कोई तजवीज आती है, एकेडमिक कम्युनिटी चाहती है तो हमारा फर्ज है कि हम उस पर गौर करे खुले दिमाग और दिल से ।

जहा तक वहा कम्युनल एलीमेंट्स का ताल्लुक है, मै बनारस के सिलसिले मे अर्ज कर चुका हू कि यह बडी चिन्ताजनक बात होगी अगर कम्युनल एलीमेंट्स कही भी किसी भी युनिवर्सिटी मे फायदा उठाना चाहेगे और मुझे यकीन है कि पूरा सदन इस पर सहमत होगा कि यूनिवर्सिटीज को कम्यूनल पालिटिक्स का अखाडा नही बनना चाहिये ।

पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मामले मे कुछ अर्जयो नही करना है कि मैं तो बीच का रहने वाला हू । लखनऊ मे मैं पैदा हुआ, इलाहाबाद में मै पढा, अलीगढ मे नौकरी की। इसलिए मुझे कोई इस सिलसिले मे किसी पालिटिक्स मे दिलचस्पी नही है।

यह भी कहा गया है कि जिस इंसिडेंट का मैंने जिक्र किया है वह काफी नही है कि जिस के ऊपर यह एक्शन लिया जाता। जनाबेवाला मेरे पास बहुत लम्बी फेहरिस्त है उन तमाम इंसीडेंटस की जो हुए । लेकिन बेहतर है कि आप इसरार न करे कि इसको पढ़ा जाए।

हुकम होगा तो मैं सारी पढ कर सुना दूगा । एक सैम्पल मैंने पेश कर दिया है । इससे ज्यादा और न पूछे तो बहतर होगा ।

यह कहा गया है कि हमारे सियासी नेता एक दम से वहा तशरीफ ले गए, व क्यो ले गए । पहले मिश्र ने भी यही सवाल किया था । इसको तो वही ज्यादा बेहतर जानते है कि किस नीयत से गए थे । जिस ढंग से इम्तहानात चलते है उस वक्त ग्राम तौर से जैसा होता है लडको का मूड राजनीतिक भाषण सुनने का नही होता है । लेकिन हो सकता है कि वहा उस वक्त मूड रहा हो इसलिए वे गए । मुझे उस पर कुछ ज्यादा अर्ज करना नही है ।

यह भी कहा गया है कि यूनिवर्सिटी मे इम्तहानात कराने के लिए जो बिहार मे तरीका इस्तेमाल किया गया है वही अपनाया जाए । बिहार के बारे मे जो तफसील है वह बिहार सरकार को मालूम होगी, मुझे तो मालूम नही है । लेकिन मेरी जाती राय यह है कि ज्यादा बेहतर सूरत यह है कि यूनिवर्सिटी के जो अध्यापक है, जो वहा की काउसिल है वे फैसला करे कि इम्तहान किस ढग से और जल्द अज जल्द हो सकते है और उनका प्रबन्ध करे । बनिस्बत इसके कि एक्सटर्नल मदद से इसको किया जाए । लेकिन अगर मजबूरी हो और वाइस चासलर एक्सटर्नल मदद मागें तो हमारा फर्ज है और मैं कह चुका हूं कि पूरी मदद देंगे । लेकिन यूनिवर्सिटी आथोरिटी को ही इनको होल्ड करना है और स्टैन्युडन्ट्स और टीचर्ज अलग अलग नही हो सकते हैं, एक दूसरे से इनका चोली दामन का साथ है ।

डिसिप्लिन के सिलसिले मे थोडी देर हुई मै कह चुका हू कि डिसिप्लिन कमेटी इस मामले मे गौर कर रही है और बहुत जल्दी जो जरूरी कार्यवाही होगी मुझे यकीन है कि वह करेगी ।

खुलने का जहा तक ताल्लुक है वह स्टेजिज मे होगा । पहली इस्टालमेट का एलान जो वाइस चासलर ने किया है, उसका मैंने जिक्र कर दिया है । 17 अप्रैल तक पहली इस्टालमेट खुल जाएगी । उसी तरह से जल्द अज जल्द एक एक, दो दो, चार चार करके और खोलने का प्रोग्राम भी वह बना रहे है और उसका एलान होता जाएगा ।

एरियर्ज का जहा तक सवाल है इसके सिलसिले मे मेरे पास थोडी सी जानकारी है, पूरी नही है । मै इसके बारे मे मालूम करूगा कि पैसे का मामला क्या है और उस सिलसिले मे अगर कोई जरूरी कार्रवाई है तो वह भी की जाएगी ।

**श्री इसहाक सम्भली** (अमरोहा) : अलीगढ यूनिवर्सिटी को बन्द करने का जब एलान किया गया तो इसको शायद मैंने ही नही बल्कि सभी लोगो ने बहुत दुख के साथ सुना । मुझ से पहले हमारे बुजुर्ग साथी मिश्र जी ने साफ तौर पर कहा कि इसको बन्द करना किसी तरह मुनासिब नही था, जो वजह बताई गई वह काफी नही थी । अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को बन्द करने का सवाल अकेला

**श्री इसहाक सम्भली**

सवाल नही है । उसके बारे मे पूरी चीज को देखा जाए, इस चीज को देखा जाए, कि अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक्ट जब यहा पर लाया गया, इसको पास कराया गया तो खुद मैने और हमारे रहनुमा इन्द्रजीत जी गुप्त ने साफ लफ्जो मे यह मुतालिबा किया था कि यह डैमोक्रेटिक नही है, इसको ज्वायंट कमेटी मे भेजा जाए लेकिन मुझे अफसोस है कि इस मोशन को माना नही गया । अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की जो हकीकत है उसको देखना होगा । वह कायम हुई मुसलमानो को माडर्न तालीम से वाकिफ कराने के लिए, उनमे माडर्न तालीम फैलाने के लिए । यह उसका तारीखी कारेक्टर रहा है । उसके इतजाम मे भी मुसलमानो की न सिर्फ मुअस्सर बल्कि एक जबर्दस्त अकसरित की पोजिशन रही है । यह उसका तारीखी कारेक्टर है जिसको आप भी मानते है । यही वजह है कि मुस्लिम कम्युनिटी ही नही बल्कि इसाफ पसन्द हिन्दू भी इस चीज को नापसन्द करते है कि कोई ऐसी चीज की जाए जिससे मुस्लिम कम्युनिटी को कोई तकलीफ पहुचे और वह यह समझे कि एक वह इरादा, एक वह इस्टीट्यूशन जिससे जबर्दस्त उनका जजबाती ताल्लुक है, लगाव है, उस मे कोई दखलदाजी कर रहा है, उस पर कोई छुरी चला रहा है ।

एक्ट बनाते वक्त डा० गजेन्द्रगडकर कमिशन की रिपोर्ट का सहारा लिया गया था । गजेन्द्रगडकर कमिशन की रिपोर्ट कोई ऐसी पाकीजा और मुकद्दस रिपोर्ट नही थी जिस मे कोई तरमीम ही न की जा सकती हो । वह कोई कुरान, बाइबल या गीता नही है, जिस की वजह हर एक बात को मानना लाजिमी है । मै समझता हू कि उस मे ऐसी कितनी ही बाते है, जो जम्हूरी नही कही जा सकती है, जो एथारिटेरियन कही जा सकती है । क्या वजह है कि जब स्टुडेट्स यूनियन मौजूद है, तो स्टुडेट्स कौंसिल बनाई जा रही है ? नामीनेशन का अनलिमिटिड सिलसिला रखा गया है । क्या ऐसे कास्टीट्यूशन को और उसके तहत बनाई गई कोर्ट और कमेटिया को, डेमोक्रेटिक कहा जा सकता है ?

यूनिवर्सिटी तो खुलनी ही चाहिए, लेकिन खाली इससे ही काम नही चलेगा । जरूरत इस बात की है कि एक हाई पावर कमेटी बनाई जाये जो इस एक्ट की खामियो को जल्दी स्टडी कर के इस बारे मे मुअस्सिर एमेडमेट्स की सिफारिश करे अगर जरूरत हो, तो एक नया बिल तैयार किया जाये । उस बिल मे इस बात की गारटी हो कि इस यूनिवर्सिटी का तारीखी कैरेक्टर, जिस का मै ने ज़िक्र किया है, कायम रखा जायेगा । आज राइट रीएक्शनरीज मुसलमानो को, विद्यार्थियो को डरा रहे है और कुछ नादान स्टुडेट्स उनके आला-ए-कार बन रहे है । वे लोग एक तरफ इस यूनिवर्सिटी को तबाह करने की कोशिश कर रहे है और दूसरी तरफ उन स्टुडेट्स को तबाह करने की कोशिश कर रहे है । शायद हमारी सरकार और दूसरे जिम्मेदार साहबान इस बात पर गौर नही कर रहे है । न जाने वे अपने दफ़तर को ही सारी दुनिया समझ बैठे हैं ।

जैसा कि मै ने कहा है, जरूरत इस बात की है कि ऐसा बिल लाया जाय, जिस मे

स्टूडेंट्स के जजबात की पूरी तरह अक्कासी हो, जिसमे यूनिवर्सिटी के नैशनल और सैकुलर कैरेक्टर के साथ साथ उस के हिस्टारिकल कैरेक्टर को भी बरकरार रखा जाये । मैने बिल पर तकरीर करते हुए भी कहा था कि हमे इस बात का फक्र है कि यूनिवर्सिटी मे हिन्दू और ईसाई कोई अजनबियत महसूस नही करते हैं । इस लिए उस के नैशनल और सैकुलर कैरेक्टर के साथ साथ उसके हिस्टारिकल कैरेक्टर को बरकरार रखने के लिए सरकार को जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए और इसके लिए एक हाई पावर कमेटी बनानी चाहिए ।

मुझे इस बात का ताज्जुब हो रहा है कि बाज पार्टिया—श्री मिश्र ने कई नाम लिये, लेकिन मै नाम नही लेना चाहता हू , कई और भी है—रातो रात अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की हमदर्द बन गई है । कल तक तो उनको अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पाकिस्तान का हिस्सा नजर आती थी और उसमे पढने वाला हर एक लडका पाकिस्तानी नजर आता था । लेकिन आज वे उस यूनिवर्सिटी और उसके स्टूडेंट्स के बडे भारी हमदर्द बन गये है । उन्होने कुछ लडको को गुमराह करके अपने साथ ले लिया है । लेकिन उन पार्टियो को खबरदार रहना चाहिये कि उनकी ये साजिशे ज्यादा दिन तक नही चल सकती हैं । क्या यह हकीकत नही है, कि इस बात को भुलाया जा सकता है कि इस यूनिवर्सिटी की तरक्की और हिफाजत के लिये तरक्की पसन्द कांग्रेसियो, कम्युनिस्ट पार्टी और खास तौर से श्रीमती इन्दिरा गांधी ने मजबूती के साथ कदम उठाये है और इससे भी पहले मुल्क के रहनुमा, पंडित जवाहर लाल नेहरू और मौलाना अब्बुल कलाम आजाद ने इसकी खिदमत की है । वक्ती तौर पर शायद इस बात को भुला दिया जाए लेकिन यह याद रखना चाहिये कि सी० पी० आई० और दूसरी तरक्कीपसन्द जम्हूरी अनासिर इस यूनिवर्सिटी की तरक्की के लिये बराबर लडते रहे है और आगे भी बराबर लडते रहेंगे । जो लोग आज स्टूडेंटस के फस्ट्रेशन और बेचैनी का फायदा उठा कर बहुत फूल-मालाये पहन रहे है उनको बहुत जल्द मायूस होना पडेगा । मैं यही कह सकता हू कि हमारे वे भाई इस बात को खुद भी समझे । वे रीएक्शनरी फोर्सिज जिस तरह आज इस यूनिवर्सिटी को फुटबाल बनाने की कोशिश कर रहे है, वह वक्त बहुत जल्द आ रहा है, जब वे लोग समझेंगे कि यह कितनी गलत बात है ।

अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को बन्द करने के लिय इस बार जो कदम उठाया गया, मै समझता हू कि वह किसी तरह भी सही नही था । मैं आपको याद दिला दू कि पिछले साल भी चन्द लडको के मुतालिबा करने पर इम्तहानात मुल्तवी कर दिये गये और इस तरह सैकडा नही, बल्कि हजार दो हजार लडको का मुस्तकबिल तबाह हो गया । इम्तहान इतने लेट हो गये कि वेक्वत पर दूसरी जगह एप्लाई नही कर सके और दूसरे इम्तहान मे नही बैठ सके । उस वक्त भी एडमिनिस्ट्रेशन ने वह कमजोरी दिखाई थी । अलीगढ से मुझे कितने ही लडको ने कहा कि चन्द लडको की आवाज

[श्री इसहाक सम्भली]

पर इम्तहानो को मुल्तवी करके हमारे फ्यूचर को बर्बाद कर दिया गया । यूनिवर्सिटी इम्तहानो का इन्तजाम करती और देखती कि कितनी बडी तादाद मे लडके-लडकिया इम्तिहान देने के लिये आते है । लेकिन सिर्फ बहाना बना कर इम्तहानो को मुल्तवी कर दिया गया । इस बार भी इसी तरह किया गया है ।

मुझे यह कहने मे कोई तकल्लुफ नही है कि वजीरे तालीम ने जो बाते फरमाई है, उनमे कोई वजन नही है । आखिर अलीगढ यूनिवर्सिटी भी उसी मुल्क मे है, जिसमे बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, लखनऊ यूनिवर्सिटी और गुजरात यूनिवर्सिटी है । उन यूनिवर्सिटीज मे क्या नही हो रहा है ? बडे बडे महारीने तालीम ने, डा० चटर्जी, सरदार हरदित्त सिह मलिक, डा० राधाकृष्णन और इस हाउस के मेम्बरान, श्रीमती सुभद्रा जोशी, श्री ए० के० गोपालन और श्री शशि भूषण, ने अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स के डिसिप्लिन का मिसाली डिसिप्लिन बताया है । मुझे ताज्जुब है कि इनडिसिप्लिन की आड लेकर यूनिवर्सिटी को बन्द कर दिया गया ।

सिर्फ स्कूल खोलना ही काफी नही है । सरकार यूनिवर्सिटी को बिला-ताखीर खुलवाने और पूरी तैयारी के साथ इम्तहान कराने का ऐलान करे । मिनिस्टर साहब ने खुद कहा है कि हम वाइस-चासलर को हर मुमकिन मदद देने के लिए तैयार है । मैं फौज की मदद का कायल नही हू । फौज की मदद की जरूरत भी नही है । अगर जम्हूरी टीचर्ज और स्टूडेंट्स के नुमायदो को कान्फिडेंस मे लिया जायेगा, तो इम्तहान कराने मे कोई दुश्वारी पेश नही आयेगी ।

वजीरे तालीम ने कहा है कि इस सिलसिले मे एक कमेटी बैठी है । मुझे डर है कि इम्तहान मे फिर देर होगी और फिर लडको का साल बर्बाद होगा । मुझे डर है कि इम्तहान होने के बावजूद स्टुडेंट्स का साल बर्बाद होगा । इसलिए वाइस-चासलर से बिला-ताखीर यह मुतालिबा करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी को खोले और इम्तहानो का प्रापर इन्तजाम करे । हिन्दुस्तान की सारी जम्हूरित ताकते इस बात मे उनकी मदद करेगी ।

मैं जानना चाहता हू कि यूनिवर्सिटी मे जो नाइन्साफिया हुई है उनको दूर करने के लिए और एक्ट की खामियो का दूर करने के लिए सरकार एक हाई पावर कमीशन बनाने मे क्यो देर कर रही है । वह इस बारे मे कब एलान करेगी ? यह तो कोई जवाब नही है कि अगर इसकी जरूरत हुई, तो उस पर गौर किया जायेगा ।

मुझे मालूम है कि स्टुडेंट्स को जबर्दस्ती यूनिवर्सिटी से बाहर भेजा गया, यूनिवर्सिटी के अहाते मे सौ बसे खडी की गई और स्टूडेंट्स को जाने के लिए कहा गया । लोग हक्के-बक्के रह गये । आखिर वहा पर क्या आफत आ गई थी ?

जो चीजे बतलाई, एक्जीक्यूटिव कौसिल वाली जिस इसीडेंट का जिक्र किया जा रहा है स्टुडेंट्स ने मीटिंग कर के उसके बारे मे माफी मागी है । मैं गया हू अलीगढ, मैंने देखा है ।

उन्होंने माफी मांगी है, अफसोस का इजहार किया है । सैकड़ों की तादाद में लड़के गए है जिन्होंने कहा कि वह इम्तहान देना चाहते हैं । लेकिन उसका कोई इंतजाम नही किया गया । तो मैं चाहता हू कि सरकार इस बात का आश्वासन दे कि वह वाइस चांसलर को मशविरा देगी कि जिन लड़कों को वहा पर जबर्दस्ती भेजा गया है उनको अपनी कन्वेयेंस भेजकर वापस बुलाए और फौरी तौर पर उनके इम्तहान के लिये तैयारी करे ।

[شری اسحاق سمبھلی (امروھہ) :

علی گڑھ یونیورسٹی کو بند کرنے کا جب اعلان کیا گیا تو اس کو شاید میں نے ھی نہیں بلکہ سبھی لوگوں نے بہت دکھ کے ساتھ سنا - مجھ سے پہلے ھمارے بزرگ ساتھی مشر جی نے صاف طور پر کہا کہ اس کو بند کرنا کسی طرح مناسب نہیں - جو وجہ بتلائی گئی وہ کافی نہیں تھی - علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کو بند کرنے کا سوال اکیلا سوال نہیں ہے - اس کے بارے میں پوری چیز کو دیکھا جائے - اس چیز کو دیکھا جائے کہ علی گڑھ مسلم یونیورسٹی ایکٹ جب یہاں پر لایا گیا - اس کو پاس کرایا گیا تو خود میں نے اور ھمارے رھنما اندرا جی نے صاف لفظوں میں یہ مطالبہ کیا تھا کہ یہ Demoralise نہیں ہے- اس کو Joint Select Committee میں بھیجا جائے - لیکن مجھے افسوس ہے کہ اس موشن کو مانا نہیں گیا - علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کی جو حالت ہے اس کو آپ کو دیکھنا ہوگا - وہ قائم ہوئی مسلمانوں کو ماڈرن تعلیم سے واقف کرنے کے لئے ان میں ماڈرن تعلیم پھیلانے کے لئے یہ اس کا تاریخی کریکٹر رہا ہے - اس کے انتظام میں بھی مسلمانوں کی ناصرف بلکہ ایک زبردست اکثریت کی پوزیشن رہی ہے- یہ اس کا تاریخی کریکٹر ہے جس کو آپ بھی مانتے ھیں - یہی وجہ ہے کہ مسلم کمیونٹی ھی نہیں بلکہ انصاف پسند ھندو بھی اس چیز کو ناپسند کرتے ھیں کہ کوئی ایسی چیز کی جائے جس سے مسلم کمیونٹی کو کوئی تکلیف پہنچے - اور وہ یہ سمجھے کہ ایک وہ ادارا - ایک وہ انسٹیٹیوشن جس سے زبردست ان کا جزباتی تعلق ہے - لگاؤ ہے - اس میں کوئی دخل اندازی کر رہا ہے - چھری چلا رہا ہے -

ایکٹ بناتے وقت ڈاکٹر گجندرا گڈکر کی رپورٹ کا سہارا لیا گیا تھا - گاجندرا گڈکر کمیشن کی رپورٹ کوئی ایسی پاکیزہ اور مقدس رپورٹ نہیں تھی جس میں کوئی ترمیم ھی نہ کی جا سکتی ہو - وہ کوئی قران ، بائیبل یا گیتا نہیں ہے - جس کی ھر ایک بات کو ماننا لازمی ہے - میں سمجھتا ہوں کہ اس میں ایسی کتنی ھی باتیں ھیں جو جمہوری نہیں کہی جا سکتی ھیں - جو اینٹیڈیموکریٹک

[شری اسحاق سنبھلی]

کہی جا سکتی ہیں- کیا وجہ ہے کہ جب سٹوڈینٹس یونین موجود ہے - تو سٹوڈینٹس کونسل بنائی جا رہی ہے - نومینیشن کا ان لمیٹڈ سلسلہ رکھا گیا ہے - کیا آیسے کانسٹیٹیوشن کو اور اس کے تحت بنائی گئی کورٹ اور کمیٹیوں کو ڈیموکریٹک کہا جا سکتا ہے-

یونیورسٹی تو کھلنی ہی چاہیئے- لیکن خالی اس سے ہی کام نہیں چلے گا - ضرورت اس بات کی ہے کہ ایک ہائی پاور کمیٹی بنائی جائے جو اس ایکٹ کی کمیوں کو جلدی سٹڈی کرکے اس بارے میں میجر امینڈمینٹ کی سفارش کرے اور اگر ضرورت ہو تو ایک نیا بل تیار کیا جائے - اس بل میں اس بات کی گارنٹی ہو کہ اس یونیورسٹی کا تاریخی کریکٹر جس کا میں نے ذکر کیا ہے قائم رکھا جائے گا - آج رائیٹ ری ایکشنری مسلمانوں کو ودیارتھیوں کو ڈرا رہے ہیں اور کچھ نادان سٹوڈینٹس ان کے آلۂ کار بن رہے ہیں - وہ لوگ ایک طرف اس یونیورسٹی کو تباہ کرنے کی کوشش کر رہے ہیں - شاید ہماری سرکار اور دوسرے ذمےدار صاحبان اس بات پر غور نہیں کر رہے ہیں نہ جانے وہ اپنے دفتر کو ہی ساری دنیا سمجھ بیٹھے ہیں -

جیسے کہ میں نے کہا ہے ضرورت اس بات کی ہے کہ ایسا بل لایا جائے جس میں سٹوڈینٹس کے جذبات کی پوری طرح عکاسی ہو جس میں یونیورسٹی کے نیشنل اور سیکولر کریکٹر کے ساتھ ساتھ اس کے ہسٹوریکل کریکٹر کو بھی برقرار رکھا جائے - میں نے بل پر تقریر کرتے ہوئے بھی کہا تھا کہ ہمیں اس بات کا فکر ہے کہ یونیورسٹی میں ہندو اور عیسائی کوئی اجنبیت محسوس نہیں کرتے ہیں - اس لئے اس کے نیشنل اور سیکولر کریکٹر کے ساتھ ساتھ اس کے ہسٹوریکل کریکٹر کو برقرار رکھنے کے لئے سرکار کو جلد سے جلد قدم اٹھانا چاہیئے اور اس کے لئے ایک ہائی پاور کمیٹی بنانی چاہیئے- مجھے اس بات پر تعجب ہو رہا ہے کہ شری مشر ، کئی نام لئے لیکن میں نام نہیں لینا چاہتا ہوں کئی اور بھی ہیں - راتوں رات علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کے ہمدرد بن گئے ہیں - کل تک تو ان کو علی گڑھ یونیورسٹی پاکستان کا حصہ نظر آتی تھی اور اس میں پڑھنے والا ہر ایک لڑکا پاکستانی نظر آتا تھا لیکن آج وہ اس یونیورسٹی اور اس کے سٹوڈینٹس کے بڑے بھاری ہمدرد بن گئے ہیں - انہوں نے کچھ لڑکوں کو گمراہ کر کے اپنے ساتھ لے لیا ہے لیکن ان پارٹیوں کو خبردار رہنا چاہیئے کہ ان کی یہ سازش زیادہ دن تک نہیں چل سکتی ہے - کیا یہ حقیقت نہیں ہے - کیا اس بات کو بھلایا جا سکتا ہے کہ اس یونیورسٹی کی ترقی اور

حفاظت کے لئے ترقی پسند کانگرسیوں، کمیونسٹ پارٹی اور خاص طور سے شریمتی اندرا گاندھی نے مضبوطی کے ساتھ قدم اٹھایا ہے اور اس سے بھی پہلے ملک کے رہنما پنڈت جواہر لال نہرو اور مولانا ابولکلام آزاد نے اس کی خدمت کی ہے - وقتی طور پر شاید اس بات کو بھلا دیا جائے لیکن یہ یاد رکھنا چاہیئے کہ سی - پی - آئی اور دوسرے ترقی پسند جمہوری عناصر اس یونیورسٹی کی ترقی کے لئے برابر لڑتے رہے ہیں اور آگے بھی برابر لڑتے رہینگے - جو لوگ آج سٹوڈینٹس کے فرسٹریشن اور بے چینی کا فائدہ اٹھا کر بہت بہول مالائیں پہن رہے ہیں - ان کو بہت جلد مایوس ہونا پڑے گا - میں یہی کہہ سکتا ہوں کہ ہمارے وہ بھائی اس بات کو خود بھی سمجھیں - وہ ری ایکشنری فورسز جس طرح آج اس ونیورسٹی کو فٹ بال بنانے کی کوشش کر رہے ہیں وہ وقت بہت جلد آ رہا ہے جب وہ لوگ سمجھینگے کہ یہ کتنی غلط بات ہے -

علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کو بند کرنے کے لئے اس بار جو قدم اٹھایا گیا میں سمجھتا ہوں کہ وہ کسی طرح بھی صحیح نہ تھا - میں آپ کو یاد دلا دوں کہ پچھلے سال بھی چند لڑکوں کے مطالبہ کرنے پر امتحانات ملتوی کر دئیے گئے اور اس طرح سینکڑوں نہیں بلکہ ہزار، دو ہزار لڑکوں کا مستقبل تباہ ہو گیا - طالبعلمان اتنے لیٹ ہو گئے کہ وہ وقت پر دوسری جگہ ایلائی نہیں کر سکے اور دوسرے امتحان میں نہیں بیٹھ سکے - اس وقت بھی ایڈمنسٹریشن نے یہ کمزوری دکھائی تھی - علی گڑھ میں مجھے کتنے ہی لڑکوں نے کہا کہ چند لڑکوں کی آواز پر امتحانوں کو ملتوی کرکے ہمارے فیوچر کو برباد کر دیا گیا - یونیورسٹی امتحانوں کا انتظام کرتی اور دیکھتی کہ کتنی بڑی تعداد میں لڑکے لڑکیاں امتحان دینے کے لئے آتے ہیں - لیکن صرف بہانا بنا کر امتحانوں کو ملتوی کر دیا گیا اس بار بھی اسی طرح کیا گیا ہے -

مجھے یہ کہنے میں کوئی تکلیف نہیں ہے کہ وزیر تعلیم نے جو باتیں فرمائی ہیں کہ ان میں کوئی وزن نہیں ہے - آخر علی گڑھ یونیورسٹی بھی اس ملک میں ہے جس میں بنارس یونیورسٹی، الہ‌آباد یونیورسٹی، لکھنئو یونیورسٹی اور گجرات یونیورسٹی ہیں، ان یونیورسٹیز میں کیا نہیں ہو رہا ہے - بڑے بڑے ماہرین تعلیم نے ڈاکٹر چھٹو جی، سردار ہردت سنگھ ملک، ڈاکٹر رادھا کرشنن اور اس ہاؤس کے ممبران شریمتی سبھدرا جوشی، شری اے- کے- گوپالن اور شری ششی بھوشن نے علی گڑھ مسلم یونیورسٹی کے سٹوڈینٹس

[شری اسحاق سمبھلی]

کے ڈسپلن کو سٹالن ڈسپلن بتایا ہے - مجھے تعجب ہے کہ انڈسپلن کی آڑ لے کر یونیورسٹی کو بند کر دیا گیا -

صرف سکول کھولنا ہی کافی نہیں ہے - سرکار یونیورسٹی کو بلا تاخیر کھلوائے اور پوری تیاری کے ساتھ امتحان کرانے کا اعلان کرے - منسٹر صاحب نے خود کہا ہے کہ ہم وائس چانسلر کو ہر ممکن مدد دینے کے لئے تیار ہیں - میں فوج کی مدد کا قائل نہیں ہوں - فوج کی مدد کی ضرورت بھی نہیں ہے اگر جمہوری ٹیچرز اور سٹوڈینٹس کے نمائندوں کو کونفیڈینس میں لیا جائیگا تو امتحان کرانے میں کوئی دشواری پیش نہیں آئیگی -

وزیر تعلیم نے کہا ہے کہ اس سلسلے میں ایک کمیٹی بیٹھی ہوئی ہے - مجھے ڈر ہے کہ امتحان میں پھر دیر ہوگی - اور پھر لڑکوں کا سال برباد ہوگا - اس لئے وائس چانسلر سے بلا تاخیر یہ مطالبہ کرنا چاہئیے کہ وہ یونیورسٹی کو کھولیں - اور امتحانوں کا پراپر انتظام کریں - ہندوستان کی ساری جمہوری طاقتیں اس بات میں ان کی مدد کرینگی -

میں جاننا چاہتا ہوں کہ یونیورسٹی میں جو نا انصافیاں ہوئیں ہیں ان کو دور کرنے کے لئے اور ایکٹ کی خامیوں کو دور کرنے کے لئے سرکار ایک ہائی پاور کمیشن بنانے میں کیا دیر کر رہی ہے وہ اس بارے میں کب اعلان کریگی - یہ تو کوئی جواب نہیں ہے کہ اگر اس کی ضرورت ہوئی تو اس پر غور کیا جائیگا -

مجھے معلوم ہے کہ سٹوڈنٹس کو زبردستی یونیورسٹی سے باہر بھیجا گیا - یونیورسٹی کے احاطے میں ۱۰۰ بسیں کھڑی کی گئیں اور سٹوڈینٹس کو جانے کو کہا گیا - لوگ ہکے بکے رہ گئے - آخر وہاں پر کیا آفت آ گئی تھی جو چھٹی بتلائی - ایگزیکیٹو کونسل والے جس انسیڈینٹ کا ذکر کیا جا رہا ہے - سٹوڈینٹس نے میٹنگ کرکے اس کے بارے میں معافی مانگی ہے میں گیا ہوں علی گڑھ - میں نے دیکھا ہے - انہوں نے معافی مانگی ہے افسوس کا اظہار کیا ہے سینکڑوں کی تعداد میں لڑکے گئے ہیں - جنہوں نے کہا کہ وہ امتحان دینا چاہتے ہیں لیکن اس کا کوئی انتظام نہیں کیا گیا - تو میں چاہتا ہوں کہ سرکار اس بات کا آشواشن دے کہ وہ وائس چانسلر کو مشورہ دے گی کہ جن لڑکوں کو وہاں پر زبردستی بھیجا گیا ہے ان کو اپنی کلوینس بھیج کر واپس بلائیں اور فوری طور پر ان کے امتحان کے لئے تیاری کریں -]

PROF. S. NURUL HASAN: Since very few questions have been put to me and it was used as an occasion by mq hon. friend....

**श्री इस्हाक सम्भली** : अध्यक्ष महोदय मैं ने अपनी मादरी जबान में अपनी बात कही है और मंत्री महोदय की भी मादरी जबान वही है । अच्छा होगा वह उसी में जबाव दें ।

**प्रो एस नुरुल हुसन** : पहली बात तो मैं वह लेना चाहता हूं जो सब से आखरी की बात मौलाना साहब ने फरमायी । वह यह कि तालिबइल्मों ने माफी मागी । मैं आप की इजाजत से वह खत पढ़ना चाहता हू जो माफी का एग्जीक्यटिव कौंसिल के मेम्बरो के लिय पश किया गया :

"The Aligarh Muslim University Students' Union, Aligarh

3rd April, 1973.

Dear Sir.

"A meeting of the Executive Committee of the AMU Students' Union was held on 3rd April, 1973. The meeting took serious note of the demonstration staged by the students before the hon. members of the Executive Council of the University on 3-3-73 in connection with the demand of the resignation of Dr. Rais Ahmed from the post of Dean, Faculty of Science. The Executive Committee noted with regret that some indecent happenings took place during the demonstration which might have hurt the feelings of the hon. members of the Executive Council.

The Executive Committee of the Union unanimously resolved to apologise to, all members of the Executive Council for anything which might have injured the feelings of our elders.

The Executive Committee further hope that the hon. members would parden the students as it was never intended to insult them or humiliate them."

This letter was handed over to the Vice-Chancellor on 5th April, at about 1 P.M., that is to say, after the University had been closed. It is signed "Mushtaq Ahmed Khan, President." Mr. Mushtaq Ahmed Khan is not the President, but the Vice-President of the Union. I am informed by the Vice-Chancellor that the President of the Union was in fact present in town on the 3rd of April. Therefore, one cannot rule out the possibility that this is an afterthought after the University had been closed. Otherwise, this discrepancy and the fact that it was not handed over before the Vice Chancellor ordered the closure of the University and kept on requesting the students to see the folly of their action cannot be explained.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): What is the discrepancy? Between the President and Vice-President?

PROF. S NURUL HASAN: Yes.

PROF. MADHU DANDAVATE: He has got rid of the 'Vice'.

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** : इतनी टेकनिकल बातों मे जाना (**व्यवधान**) ........)

PROF S. NURUL HASAN: The running commentary of the hon. member is very interesting. But I wish to avoid answering that because I have to answer the other hon. member.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: You cannot get away from certain things which are before the House itself. It is not a dialogue between you and the hon. member.

PROF. S. NURUL HASAN: He can keep on showing his temper. He is

[Prof S Nurul Hasain]

most welcome to do so. I hold him in great affection and esteem. But I do not yield.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: It is lack of culture on your part to say

PROF S NURUL HASAN. That I am prepared to concede.

The important thing is that everything is hedged in with if and buts It is not even a clear-cut case of apology after the closure of the University.

**श्री इसहाक सम्भली** और क्या नाम रगडवाऐंगे उन से ? और क्या माफी मगवाएँगे ?

**प्रो० एस नूरुल हुसन** यही कि हम ने गलती की, माफ कीजिए। किस्सा खत्म हुआ

**श्री इसहाक सम्भली** दूसरी यूनिर्वासिटीज मे प्रोफेसर साहब, इतनी भी माफी नही मगवा सके आप।

श्री एस० नूरुल हसन देखिए मौलाना साहब, आप जो बात फरमा रहे है मुझे अफसोस के साथ कहना पडा जो मै नही कहना चाहता था। अफसोस के साथ मुझ से वह न कहलवाइए। आप ने जिस तरह से तकरीर की उसी तरह मे मुझे भी कहना पडेगा तो वह न मेरे लिए मुनासिब है न इस सदन के लिए मुनासिब है। जो बुनियादी ईश्यू जो एग्जीक्यूटिव कौसिल के सामने इस किस्म की नामुनासिब हरकते इन्होने की उस के ऊपर कोई बात उन्होने नही की माफी की। यह भी एक बात काबिले गौर है। इसी वजह से .

**श्री इसहाक सम्भली** : खुशामद की भी कोई हद होती है।

**प्रो० एस नरूल हुसन** इस के बाद एग्जीक्यूटिव कौसिल ने जब पूरे मसले पर गौर किया तो वही बाडी जिस का मजाज था जिस का मजाज एजूकेशन मिनिस्टर नही था मानने न मानने का, उस एग्जीक्यूटिव कौसिल ने उस को नही माना।

यह भी सवाल उठाया गया है कि इम्तहानो के मुल्तवी कर देनेसे बहुत से तालिब इल्मो का नुक्सान हुआ। बिलकुल दुरुस्त है और मैंने जो अपना बयान सदन के सामने पेश किया उसमे इसी पर अफसोस और मालाल का इजहार किया। मैं बिलकुल इस मे मुत्तफिक हू। स्टूडेटस यूनियन की लीडरशिप ने बद-किस्मती से पिछली मई से लेकर के अब तक बार बार, बार बार इम्तहान मुल्तवी करवाए बाबजूद इसके कि इस की वजह से ज्यादातर तालिबा का नुकसान हुआ। जो लडकिया या लडके सेमस्टर का इम्तहान दे रहे थे जिन का कि सेमेस्टर का इम्तहान अब खत्म हुआ है और दूसरे सेमेस्टर की पढाई अप्रैल का महीना शुरू हो गया था, पढाई शुरू तक नही हुई थी उन का जो नुकसान हुआ है वह नुकसान बडी मुश्किल मे शायद कोई खास तरकीब ये लोग सोच कर के निकाल ले तो शायद साल बच जाय वरना मेरी समझ से अभी तक कोई हल नही आता कि यह जो नुकसान हुआ है युनिर्वासिटी बन्द करने मे नही बल्कि पिछली मई से अब तक स्टूडटस यूनियन की लीडरशिप ने जो बार बार इम्तहान मुल्तवी करवाए, उस की बजह से वह पूरा हो सके। अब यह कोशिश हो रही है कि इन नुकसान को जितना कम किया जा सकता है उस को उतना कम किया जाय क्यो कि बहुत से बेगुनाह लडके और लडकिया जिन जिन मुश्किलो मे अपनी तालीम हासिल कर रह है उस का एहसास हम सब को है और मुझ को खास तौर पर वहा इतने दिन खिदमत करने के नाते है। इस लिए उन की मुश्किलो को दूर करने के लिए हर मुमकिन कोशिश मुझे यकीन है यूनिर्वासिटी करेगी।

**श्री इसहाक सम्भली** उन इम्तहानो को मुल्तवी, कराने की जितनी जिम्मेदारी स्टूडेंट्स की थी उतनी ही यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन की भी थी ।

**प्रो० एस० नुरुल हसन** मौलाना साहब ने फरमाया कि जिस वक्त पार साल यह एक्ट यहा आया था उस वक्त मेरे मोहतरिम दोस्त श्री इन्द्रजीत गुप्ता ने कहा था कि इस को सलेक्ट कमेटी मे भेज दो

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमण्ड हार्बर) पब्लिक ओपिनियन के लिये सर्कुलेट करने का प्रोपोजल भी था ।

**प्रो०एस०नुरुल हसन** वह आप ने किया था ।

मै दूसरे सदन की कार्यवाही यहा पढना नही चाहता हू लेकिन वह इस वक्त मेरे पास है, उन की ही पार्टी के एक रहनुमा ने 24 मई को इसरार किया कि फौरन लाओ अभी लाओ, अभी पाच छ दिन बाकी है

**श्री इसहाक सम्भली** और सलेक्ट कमेटी को भेजो ।

**प्रो० एस० नुरुल हसन** नही यह उन्होंने नही कहा ।

चूकि उस सदन की कार्यवाही पढने का तरीका नही है इसलिए मैं पढ नही रहा हू लेकिन वह मेरे पास मौजूद है ।

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** (अलीपुर) उन की बात आप को पसन्द आई । मेरी बात आप को पसद नही आई ।

**प्रो० एस० नुरुल हसन** की मेरे कत्ल के बाद उस ने जफा से तौबा ।

उस जूद पशेमा का पशेमा हो जाना ।।

पहली बात कही वह मान ली । तो कहने लगे कि वह आप ने क्यो मानी ? अगर पहले आप फरमाते अपनी बात और मैं मान लेता तो फिर मैं कह देता कि मैंने दूसरे की बात मानी वह गलत किया । लेकिन मैं आप को यकीन दिलाता हू कि मै सब माननीय सदस्यों का निहायत आदर करता हू और आप ही लोगो के मशविरा से हत्तुल इमकान मानने की कोशिश करता हू ।

फिर मौलाना साहब ने फरमाया तारीखी किरदार के बारे से । उस से बिलकुल मुत्तफिक हू । सरकार ने बारे बार कहा है कि इस का तारीखी किरदार बरकरार रखा जायगा और रखा गया है । यह मैं आपसे जनाबवाला , दस्तबस्ता अर्ज कर रहा हू । इस के तारीखी किरदार को बरकरार रखा गया है और इस का असली तारीखी किरदार वह है जिस का जिक्र मौलाना साहब ने अभी किया है – नई रौशनी और नई तालीम से दिमागो की खिडकियो का खोलना यही असली चीज है, जिस की तरफ आपने इशारा किया है । मै यकीन दिलाता हू कि जो कानून आपने पास किया है

13 00 hrs

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** यह कौन सी तारीखी बात हुई ?

**प्रो० एस० नुरुल हसन** तारीखी बात यह हुई–जब 1872 मे सर सैयद अहमद खा मरहूम ने कमेटी बनाई थी कि यूनीवर्सिटी के कालिज का कायम किया जाय तो उस का दस्तूर कुछ इस तरह से शुरू होता था – मै याद-दाश्त के मुताबिक कह रहा हू, शायद गलत नही होगा–इस कमेटी के मैम्बरो की तादाद मौइयन नही होगी, जैसे जैसे इस इरादे मे हिन्दू तुलबा दाखिल होंगे, उसी हिसाब से हिन्दू हजरात भी शामिल किये जायेंगे

**श्री इसहाक सम्भली** हम उस को आज भी वेल-कम करते है । लेकिन जो उस का हिस्टोरिकल करैक्टर रहा है, उस के बारे मे कुछ अन्देशा पैदा हो गया है, उस के बारे मे एशोरेंस आनी चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय मैं आप दोनो की तकरीरो के इखतिताम के मुन्तजिर हू ।

**प्रो० एस० नुरुल हसन** मौलाना साहब ने जो बातें उठाई है, उन सब का जवाब मै ता० 6 को इस सदन मे दे चुका हू, इस लिये मुझे दोबारा अर्ज करने की जरूरत नहीं है ।

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** चूकि मेरे नाम का जिक्र किया गया है, इस लिए आप की इजाजत से मैं उस का क्लैरिफिकेशन करना चाहता हू । वह बिल पहले उस सदन मे आया था, उस के बाद इस सदन मे आया । जब इस सदन मे उस पर बहस चल रही थी, आप को याद होगा कि बहस के चलते चलते 84 अमेण्ड-मेन्ट्स इन्होने खुद यहा पर पेश की थी मिनट-मिनट पर अमेण्डमेंट्स आती जा रही थी, जिन को पढ कर हजम करने का वक्त भी नही था । इस लिये मैने कहा था कि इस को सिलैक्ट कमेटी मे भेजा जाये । वह सवाल उस हाउस मे पैदा नही होता है ।

**श्री रामकंवर** (टोंक) अध्यक्ष महोदय अलीगढ यूनिवर्सिटी बन्द कर दी गई है मेरी समझ मे यह सब बिना सोचे-समझे किया गया है । मंत्री महोदय ने कहा कि वहा के उपकुलपति ने बन्द करने की कार्यवाही के बारे मे रिपोर्ट दी है, लेकिन, अध्यक्ष महोदय, ऐसे कितने ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, जिन मैं कत्ल तक हुए हैं , लेकिन उन को बन्द नही किया गया है । इस लिये अलीगढ विश्वविद्यालय के बन्द करने का मै विरोध करता हू ।

हमारी स्वतन्त्र पार्टी का मद्रास में ता० 13, 14, और 15 को तीन दिन का सम्मेलन हुआ है, उस मे हमारी पार्टी ने यह प्रस्ताव पास किया है कि अलीगढ विश्वविद्यालय के बारे मे जो कानून पिछले सेशन मे पास हुआ है, उसमे दोबारा संशोधन होना चाहिये । जब से वह एक्ट पास किया है तभी से जितने केन्द्रिय विश्वविद्यालय है, उन के छात्रो और अध्यापको मे असंतोष पैदा हो गया है । इस लिए मै मंत्री महोदय से कहना चाहूगा कि पिछला जो एक्ट पास किया गया है , उस मे फिर संशोधन किया जाय--इस मे सरकार को यह नही देखना चाहिए कि संशोधन करने मे हमारी कोई तौहीन होनी है , क्योंकि आप को इस देश को चलाना है । मंत्री महोदय ने अभी जो वक्तव्य दिया है, उस मे इस बात को माना है कि वह विधेयक जल्दी मे पास किया गया था, इस लिए उस मे कुछ कच्चा काम रह गया था । इस लिए आप दोबारा संशोधन करके उस को पास कीजिए ताकि छात्रो और अध्यापको मे जो असन्तोष बढ रहा है, वह ठीक हो पावे ।

दूसरी बात -- मै यह कहना चाहता हू कि जितने केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, उन सब मे एक सा कानून होना चाहिए । हमारी पार्टी की माग है कि उन सब मे एक सा कानून होना चाहिए ताकि बार-बार झगडे की नौबत न आये--मै उम्मीद करता हू कि मंत्री महोदय इस के बारे मे सोच समझ कर जवाब देगे ।

**प्रो० एस० नुरुल हसन** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने दो तजवीज पेश की हैं कोई स्पष्टीकरण मुझ से नही मागा है । जहा तक पहले सवाल का ताल्लुक है, उस के बारे मे ता० 6 को मैं बहुत कुछ कह चुका हू । जहा तक दूसरे सवाल का ताल्लुक है-- सब केन्द्रीय विश्वविद्यालयो मे एक तरह का शासन होना चाहिए......

**श्री इसहाक सम्भली** सारों के लिए एक साथ एक सा कानून आये । यह न हो कि पहले इस के लिए, फिर उस के लिए ।

**प्रो० एस० नूरूल हसन** करीब-करीब इस वक्त भी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कास्टीट्यूशन की जो बेसिक चीज है, वह एक ही तरह की है, लेकिन बाज विशेषताए हर विश्वविद्यालय की होती है, उन तारीखी विशेषताओं को हम बरकरार रखना चाहते है और जहा तक मैं समझता हू पूरे सदन मे यह फीलिंग है कि यह रहना चाहिए ।

**श्री इसहाक सम्भली** बनारस के लिए आज तक नहा आया ।

---

(*Interruptions*)

MR SPEAKER Regarding the textile workers strike I have not admitted the adjournment motion But, I am allowing a calling attention motion on this This matter has been raised in this House from time to time and I have allowed it a number of times I think that I have allowed it for three or four times in the last two weeks The Minister I think was asked to reply at the time of the debate on Demands for Grants of the Commerce Ministry

I shall look into it and see that your wishes are conveyed to the Minister that he should come out with some statement about the lastest position

(*Interruptions*)

MR SPEAKER About textile strike I had allowed a calling attention motion but that day you said that there would be no use of a calling attention motion Now you have come for that You forget what you said the other day

(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय जो मर्जी करिये । आप का काम कुछ बन जाये तो अच्छा ही है ।

---

**12 06 hrs.**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

ANNUAL ACCOUNTS AND AUDIT REPORT OF ALL-INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI A K KISKU) On behalf of Shri Khadilkar

I beg to lay on the table a copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the All India Institute of Medical Sciences New Delhi, for the year 1970-71 together with the Audit Report thereon under sub-section (4) of section 18 of the all India Institute of Medical Sciences Act 1956 [*Placed in Library See* No —LT—4796/73 ]

ANNUAL REPORT OF NATIONAL COOPERATIVE DEVELOPMENT CORPORATION, NEW DELHI

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P SHINDE) I beg to lay on the table a copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Cooperative Development Corporation New Delhi for the year 1971 72 under sub-section (3) of section 14 of the National Cooperative Development Corporation Act 1962 [*Placed in Library See* No LT-4797/73 ]

---

**12 07 hrs**

## ARREST OF MEMBERS

MR SPEAKER I have to inform the House that I have received the following telegram dated the 12th April 1973 from the Station House Officer Police Station Barwah —

I have to inform you that Shri R V Bade, Member, Lok Sabha was arrested today, the 12th April 1973, at 18 20 hours, at Barwah Police Station, for violating the Madhya Pradesh Wheat (Restriction